**खबर संक्षेप**

## धौरगांव के शासकीय नलकूप पर से हटाया अतिक्रमण

**मण्डला।** मण्डला तहसील के ग्राम धौरगांव में स्थित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के शासकीय नलकूप पर अतिक्रमण किए जाने संबंधी शिकायत जनसुनवाई 24 फरवरी में प्राप्त हुई थी। उक्त शिकायत के परिपालन में एवं जिला प्रशासन के निर्देशानुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सूचना पत्र क्रमांक 609, 24 फरवरी के आधार पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा 27 फरवरी 2026 को स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत धौरगांव की सरपंच श्रीमती मीरा बाई सिंगोर द्वारा शासकीय नलकूप पर अतिक्रमण कर निजी उपयोग के लिए मोटर पंप स्थापित किया गया था, जो शासकीय संपत्ति का अनधिकृत उपयोग पाया गया।नियमानुसार संयुक्त टीम द्वारा शासकीय नलकूप से अतिक्रमण हटाया गया तथा स्थापित मोटर पंप को निकालकर जप्ती की कार्रवाई करते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यालय में जमा कराया गया। साथ ही, भविष्य में अनधिकृत उपयोग की संभावना को रोकने हेतु नलकूप पर कैप लगाकर उसे विधिवत बंद कर सुरक्षित किया गया। कार्रवाई के समय तहसीलदार श्री राम सिंह उलाडी, पुलिस थाना बम्हनी से श्री जीवन सिंह मार्को, श्री मुकेश श्रीवास, सहायक उप निरीक्षक, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से सहायक यंत्री श्री विनेश उईके, जिला सलाहकार श्री एस.एस. श्रीवास्तव, जिला सलाहकार (भूजलविद) श्री किशोर भोंडेकर, कोटवार श्री लेखराम डेहरिया, अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**लगातार 10 वर्षो से दे रहे पर्यावरण संरक्षण का संदेश**

# वैदिक परंपरा के साथ विशेष होलिका दहन

*** अब की बार तो गोबर से ही बनाई गई प्रतिमा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



वैदिक परिवार मंडला द्वारा आगामी 2 मार्च 2026, सोमवार को शाम 7:30 बजे अग्रसेन चौक, तहसील चौराहा मंडला में विशाल एवं विशेष होलिका दहन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। वर्ष 2016 से निरंतर आयोजित हो रहा यह पावन धार्मिक अनुष्ठान इस वर्ष अपने 11वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में गहरी आस्था और उत्साह का वातावरण व्याप्त है।

हिंदू धर्म में होलिका दहन केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि गहन आध्यात्मिक और धार्मिक संदेश का प्रतीक है। यह पर्व भगवान विष्णु के परम भक्त प्रह्लाद की अटूट भक्ति और सत्य के प्रति अडिग विश्वास की विजय का उत्सव है। पुराणों के अनुसार जब असुरराज हिरण्यकश्यप ने अपने पुत्र प्रह्लाद को भगवान की भक्ति से रोकने के लिए अनेक प्रयास किए, तब अंततः होलिका के माध्यम से अग्नि में भस्म करने की योजना बनाई गई। किंतु ईश्वर की कृपा से भक्त प्रह्लाद सुरक्षित रहे और होलिका दहन हो गई। यह प्रसंग दर्शाता है कि अधर्म, अहंकार और अत्याचार का अंत निश्चित है तथा सत्य, श्रद्धा और भक्ति की सदैव विजय होती है।

होलिका दहन फाल्गुन पूर्णिमा की रात्रि में किया जाता है, जिसे शास्त्रों में अत्यंत शुभ और शुद्धिकारक माना गया है। इस दिन अग्नि में आहुतियां देकर व्यक्ति अपने भीतर की नकारात्मक प्रवृत्तियों—अहंकार, क्रोध, ईर्ष्या, द्वेष—का दहन करने का संकल्प लेता है। वैदिक परिवार मंडला द्वारा इसी आध्यात्मिक भाव के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण, हवन एवं विधिवत पूजन-अर्चन के साथ होलिका दहन किया जाएगा।


इस वर्ष आयोजन की विशेषता यह है कि होलिका की प्रतिमा पूर्णतः गोबर से निर्मित की गई है। भारतीय संस्कृति में गोबर को अत्यंत पवित्र, रोगनाशक और वातावरण को शुद्ध करने वाला माना गया है। शास्त्रों में उल्लेख है कि गोबर से निर्मित वस्तुएं न केवल पर्यावरण के लिए हितकारी होती हैं, बल्कि आध्यात्मिक दृष्टि से भी सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती हैं। प्रतिमा के निर्माण में हवन सामग्री, कपूर, राल, चंदन, महावर आदि का समावेश किया गया है, जिससे दहन के समय वातावरण में सुगंधित और शुद्ध धुएं का प्रसार होगा। प्रतिमा के साथ हजारों कंडों का उपयोग भी किया जाएगा, जो वर्षों से चली आ रही परंपरा का हिस्सा है।

उल्लेखनीय है कि वैदिक परिवार मंडला पिछले दस वर्षों से निरंतर हजारों कंडों के माध्यम से होलिका दहन करता आ रहा है। इस वर्ष गोबर से निर्मित प्रतिमा के माध्यम से एक अभिनव, पर्यावरण हितैषी और सनातन परंपरा आधारित प्रयोग किया गया है, जो धार्मिक आस्था और प्रकृति संरक्षण का सुंदर संगम प्रस्तुत करता है।

प्रतिमा निर्माण में मंडला के बॉटल आर्ट के महारथी त्रिलोक सिंधिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके सहयोग से यह विशेष प्रतिमा भव्य, आकर्षक और आध्यात्मिक आभा से युक्त रूप में तैयार की गई है, जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

वैदिक परिवार मंडला से जुड़े पंडित ऋषि महाराज ने जानकारी दी कि पूर्णिमा पूजन, होली पूजन एवं होलिका दहन 2 मार्च, सोमवार को ही संपन्न होगा। ग्रहण के कारण 3 मार्च को धुड़ेरी का कार्यक्रम नहीं किया जाएगा, बल्कि यह आयोजन 4 मार्च, बुधवार को संपन्न होगा।

आयोजन समिति ने नगर के समस्त श्रद्धालुओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस पावन अनुष्ठान में सहभागिता निभाएं तथा धर्म, संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना और पर्यावरण संरक्षण के इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में अपना योगदान दें।



ऋषि महाराज पंडित वैदिक परिवार



आशीष द्विवेदी, मंडला



रूपेश इसरानी, समिति सदस्य



कपिल वर्मा, समिति सदस्य

## पीपरपानी छात्रावास के दो छात्रों का सैनिक स्कूल रीवा में चयन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिले के लिए गौरव का विषय है कि सैनिक स्कूल रीवा में कक्षा 6वीं प्रवेश हेतु दो छात्रों का चयन हुआ है। चयनित छात्र शिवम कुमार मार्को (पिता रामनाथ मार्को) एवं प्रिंस वरकडे. (पिता अनिल कुमार वरकडे.) वर्तमान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालक छात्रावास पीपरपानी में निवासरत हैं तथा संलग्न शाला एकीकृत माध्यमिक विद्यालय पीपरपानी में कक्षा 5वीं के विद्यार्थी हैं।

दोनों छात्रों ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। उनकी सफलता में विद्यालय एवं छात्रावास स्टाफ के सतत मार्गदर्शन तथा जिला प्रशासन के सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। बच्चों की इस उल्लेखनीय सफलता पर डीपीसी कुलदीप कठल, एपीसी संतोष साहू, डॉ. शेषमणी गौतम एवं समस्त कार्यालयीन स्टाफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह उपलब्धि न केवल छात्रावास और विद्यालय, बल्कि पूरे जिले के लिए प्रेरणादायक है।

## इंद्री ग्राम में बनेगा रानी दुर्गावती के स्मारक, भूमि पूजन सम्पन्न



**भुआबिछिया।** विगत दिवस मंडला जिले के विकासखंड मवई के ग्राम पंचायत इंद्री में समाज के सहयोग से वीरांगना रानी दुर्गावती के स्मारक का भूमि पूजन किया गया। यह स्मारक रानी दुर्गावती की वीरता और बलिदान को समर्पित है। इस अवसर अनंत सिंह राठौर जनपद सदस्य, श्रीमति ललती सरोते (सरपंच) अक्षय कुमार परते समाजसेवी, श्याम टेलर समाजसेवी, सोगन पूर्व उप सरपंच, कवल सिंह सरोते मुकद्दम, भेन सिंह सरोते, पालन सिंह तेकाम अध्यक्ष वन सुरक्षा समिति, राम सहाय परते, नरेश धुर्वे, नन्द लाल बंजारा सहित वरिष्ठ गण मान्य नागरिक मौजूद रहे।

## महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस



**मण्डला।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस रानीदुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंडला में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत विज्ञान प्रदर्शनी, "वैज्ञानिक आविष्कार एवं नवाचार" विषय पर केंद्रित व्याख्यान तथा प्रश्न मंच प्रतियोगिता का भव्य आयोजन प्राचार्य डॉ अनिल गुप्ता की अध्यक्षता व पूर्व प्राचार्य डॉ वी के चौरसिया के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना तथा भारतीय वैज्ञानिक परंपरा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने बताया कि भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा में विज्ञान का समृद्ध इतिहास रहा है, जिसमें गणित, खगोल विज्ञान, आयुर्वेद और धातु विज्ञान जैसी विधाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# रेत के डंपर की टक्कर से युवक की मौत





*** बरबसपुर गांव के पास हादसा, रेत खदान में हेल्पर के तौर पर काम करता था।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मंडला के बम्हनी बंजर थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में 19 साल के युवक की मौत हो गई। यह घटना बरबसपुर गांव स्थित रेत खदान के पास हुई। मृतक की पहचान सिवनी जिले के धनोरा निवासी देव शाह मरकाम (19) के रूप में हुई है।

देव शाह बरबसपुर की रेत खदान में मशीन हेल्पर के तौर पर कार्यरत था। शनिवार को ड्यूटी खत्म होने के बाद वह अपने ठिकाने की ओर लौट रहा था, तभी खदान क्षेत्र में एक डंपर ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल घायल युवक को बम्हनी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां प्राथमिक जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बम्हनी थाना प्रभारी अरुण प्रताप भदौरिया ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और डम्फर को जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को क्षेत्र भ्रमण किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज



समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत वर्ष 2025 और 26 की वार्षिक कार्य योजना में हाई स्कूलों एवं हर सेकेंडरी स्कूलों में अध्यनरत नारायणगंज ब्लॉक की चयनित विद्यालयों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु क्षेत्रीय भामण का आयोजन किया गया इस अवसर पर विद्यार्थियों को मंगलयातन यूनिवर्सिटी दिया जाया गया जहां उन्हें विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं से अवगत कराया गया विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया विभिन्न पाठ्यक्रमों छात्रवृत्ति योजनाओं उपलब्ध संसाधन तथा परिसर की समग्र शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई प्रतिनिधियों द्वारा विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए उन्हें किन-किन चरणों का पालन करना चाहिए किन विषयों का चयन कर उनके भविष्य के अनुरूप होगा तथा किस प्रकार के वे अपने लक्ष्य को निर्धारित कर सकते हैं इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों एवं विषयों से संबंधित जानकारी अध्ययन की पद्धति रोजगार के अवसर तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें भी विद्यार्थियों के समग्र प्रस्तुत की गई विद्यार्थियों को उनके भविष्य के अनुरूप शिक्षा का चयन करने हेतु प्रेरित किया गया विकासखंड स्तर पर भ्रमण कार्यक्रम का संचालन एवं सामान्य नारायणगंज ब्लॉक की नोडल अधिकारी श्रीमती रानू बैन प्रभारी प्राचार्य द्वारा किया गया इस अवसर पर नारायणगंज ब्लॉक के सभी शिक्षक गण सक्रिय रूप से उपस्थित रहे तथा विद्यार्थियों के मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**रंगो की बहार** | **माहिष्मती घाट पर सजी रंगों की दुकानें और पकवानों के लगे स्टॉल।**

# दो दिवसीय होली उत्सव मेले का शुभारंभ





*** हर्बल गुलाल रहे मेले में आकर्षण का केन्द्र।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

माहिष्मती घाट के समीप स्थित कला दीर्घा परिसर में दो दिवसीय होली उत्सव मेले का शनिवार को भव्य शुभारंभ हुआ। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय सिंह कुशराम एवं कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने फीता खोलकर मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन करते हुए स्व सहायता समूहों की महिलाओं से उनके उत्पादों की जानकारी ली तथा फूड स्टॉल पर तैयार किए जा रहे व्यंजनों का स्वाद भी चखा।

मेले में जिले भर के स्व सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए आकर्षक एवं प्राकृतिक उत्पादों को विक्रय के लिए प्रदर्शित किया गया है। विशेष रूप से होली पर्व के लिए तैयार किए गए हर्बल रंग, गुलाल एवं अन्य पर्यावरण अनुकूल सामग्री लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। साथ ही विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों से सजे फूड स्टॉल भी मेले की रौनक बढ़ा रहे हैं।

यह आयोजन राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला पंचायत द्वारा किया गया है, जिसका उद्देश्य स्व सहायता समूहों को प्रोत्साहन देना एवं उनके उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक श्री बीडी भैंसारे, जिला प्रबंधक श्री निलेश दुबे, श्रीमती अंकिता मरावी सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

प्रशासन द्वारा जिलेवासियों से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में मेले में पहुंचकर स्व सहायता समूहों द्वारा निर्मित प्राकृतिक एवं पर्यावरण हितैषी उत्पादों की खरीदारी करें। यह न केवल स्थानीय महिलाओं के आत्मनिर्भरता प्रयासों को सशक्त करेगा, बल्कि प्रकृति संरक्षण की दिशा में भी एक सकारात्मक कदम सिद्ध होगा। दो दिनों तक चलने वाला यह होली उत्सव मेला रंगों, स्वाद और स्वावलंबन का सुंदर संगम प्रस्तुत कर रहा है।

## विकासखंड बिछिया के विभिन्न विद्यालयों का राज्य स्तरीय शैक्षणिक भ्रमण

*** सीखे तकनीकी शिक्षा से कैसे बनें हुनरमंद।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत हाईस्कूल-हायर सेकेण्डरी स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थीयों के लिए राज्य उच्च. शिक्षा से जुड़ी शैक्षणिक संस्थाओं में शैक्षणिक भ्रमण कराया गया जिला प्रशासन के जिसके अंतर्गत विकासखण्ड बिछिया से 200 छात्र/छात्राओं को ज्ञानगंगा टेक्निकल इंस्टिट्यूट, जबलपुर, तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थलों, दार्शनिक स्थलों का भ्रमण कराते हुए करियर निर्माण हेतु उचित मार्गदर्शन प्रदान किये गये, मंडला जिले के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और उन्हें आधुनिक करियर विकल्पों से अवगत कराने के उद्देश्य से यह एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। मेंटर्स के मार्गदर्शन में संस्कारधानी जबलपुर के विभिन्न व्यवसायिक संस्थानों और इको पर्यटन स्थलों का अवलोकन कराया गया।

भ्रमण का मुख्य केंद्र ज्ञानगंगा टेक्निकल इंस्टीट्यूट जबलपुर रहा यहाँ विद्यार्थियों ने करियर की संभावनाओं को समझा जहां संस्थान के विशेषज्ञों ने छात्रों को इलेक्ट्रीकल इंजिनिरिंग के तकनीकी पहलुओं की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को बताया कि कैसे इस क्षेत्र में कौशल विकास के माध्यम से देश-विदेश में रोजगार के अवसर प्राप्त किए जा सकते हैं। तत्पश्चात भेड़ाघाट पहुंचे यहाँ बच्चों ने प्रकृति के विविध सुन्दर रूपों का अवलोकन किया व प्राकृतिक संतुलन के महत्व को समझा। भ्रमण में शामिल शिक्षकों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों के दृष्टिकोण में बदलाव आता है और उन्हें किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी मिलता है। उक्त कार्यक्रम जिला प्रशासन के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े, सहा संचाल एल एस मसराम,जिला नोडल अधिकारी मुकेश पाण्डे, बीईओ आत्मजीत सिंह अहलुवालिया, प्राचार्य श्रीमती अरुणा दीक्षित उत्कृष्ट बिछिया, कल्पना पाण्डेय, सुनीता मरावी, मंजुलता शिवात्री, शब्बो सोनवानी, अशोक राजपूत, अरुण परते, स्वेता बरकड़े, विनीत झरिया संदीपनी बिछिया, राजीव मिश्रा माधोपुर, मंशाराम झारिया औरई के संयोजन में संपन्न हुआ

खबर संक्षेप

## मोबाईल पर आने वाले बिजली बिल ग्रामीणों के लिये बन रहे परेशानी का कारण

**हरिभूमि न्यूज/कल्याणपुर।** जहां एक ओर बिजली विभाग द्वारा बिजली उपभोक्ताओं से बिजली बिलों की बसूली को लेकर सख्ती बरती जा रही है। मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि बिजली विभाग की लापरवाही के चलते बिजली उपभोक्तओं को समय पर बिजली बिल नही मिलने की स्थिति में वह अपने बिलों का समय पर भुगतान नही कर पाने के कारण जबरन उनसे लेट बिल जमा करने का दंड बसूलना कहा तक उचित है? इस संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि पहले बिजली बिलों का वितरण ग्राम कौड़िया सहित आसपास के गांवों में लाईन मेन द्वारा किये जाने की जगह आम नागरिकों को थोंक के पाव में बिल थमा दिये जाते है और कह दिया जाता है कि वह सभी को बिलों का वितरण कर दे और अब बिलों की जगह मोबाईल पर बिले भेजे जाने लगे है जिसके चलते गांवों में अनेक लोग इस तरह से है जिनके पास मोबाईल फोन नही है है भी तो अंग्रेजी में आने वाले इन बिलों को वह पढ़ नही सकते है जिसके चलते समय पर बिल जमा नही कर पाते है। जिसके चलते स्थिति यह बनती है कि यह बिल समय पर उपभोक्ताओं के पास नही पहुंचने के कारण जहां व समय पर बिलों का भुगतान नही कर पा रहे है, जिसके चलते या तो उनके बिजली कनेक्शन कट जाते है या फिर उनसे बिजली विभाग द्वारा समय पर बिल जमा नही किये जाने की बात को लेकर अंतिरिक्त दंड स्वरूप बिलों की अदायगी कराये जाती है? यही हाल दूर संचार विभाग का भी देखा जा रहा है जो आम लोगों से अपने बिलों का वितरण कराये जाने के कारण समय पर उपभोक्ताओं को देयक बिल नही मिलने के कारण वह परेशान होते हुए देखे जाते है? अब सबाल यह उठता है कि जब विभाग की लापरवाही के चलते जब समय में उपभोक्ताओं को बिल नही मिल रहे है तो वह बिलों को समय पर जमा नही कर पाने में दोषी कैसे हो गया जिसके चलते उसे अतिरिक्त राशि दंड स्वरूप जमा करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है? क्या विभाग की लापरवाही के चलते उपभोक्ताओं के साथ अन्याय नही हो रहा है?

## ब्राण्डेड कंपनी के मिलते जुलते सामानों की आई बहार, आमजन की जिन्दगी को बन रहा खतरा...?

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** मार्केट में इन दिनों डिब्बा बंद खाद्य पदार्थो की मांग खासी बढ़ गई है। क्योंकि खुले समान में शुद्धता की गारंटी नहीं होने और स्वास्थ्य पर पड़नें वाले प्रभाव के चलते लोग पैक आईटम की ओर आकर्षित होने से नही चुक पा रहे है, इसके चलते बाजार में नामी गिरामी कंपानियों की विभिन्न वैरायटी के प्रोडक्ट आ रहे है जो बच्चों से लेकर बड़ो तक की पसंद बन गए है। मगर गौर किया जावे तो बाजार में कंपनियों से मिलते जुलते ब्रांडों की भी बाढ आई हुई है, यह सेहत पर क्या असर डालेंगे। इस बारे में न तो दुकानदार जान रहा है और न ही खाद विभाग को इतनी फुर्सत है कि इनकी जांच करें? बस दुकानदार तो कमीशन अधिक होने के फेरे में इन्हे बेचने में रूचि दिखाते हुए दिखाई दे रहे है जिसके चलते आम लोगों की जिन्दगी पूर्ण रूप से खतरे में दिखाई देने लगी है? अक्सर देखा जाता है कि बिना आई एस आई मार्क के भी प्रोडक्ट मार्केट में खुलेआम बेचे जा रहे है जो हानि कारक बताये जाते है? मगर ग्राहकों की जागारूकता के अभाव के चलते एवं दुकानदार लालच के चक्कर में असली की सूरत में नकली कंपनियों के समान बेचते हुए आसानी से दिखाई देते हुए जान पड़ रहे है..? एक्सपायरी डेट का उल्लेख नही होता है यदि इन समानों पर गौर किया जावे तो कई वस्तुओं पर तो इसके निर्माण की तिथि तक नहीं लिखी रहती और कई जगह एक्सपायरी डेट का समान बिकते हुए भी देखा जाता है? इन उत्पादों को शहर की गलियों सहित गांव गांव में बेचा जा रहा है और शहर सहित आसपास के कस्बों में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों में लाखों का कारोबार होता है, वही अच्छी कंपनियों का कमीशन कम है और दुकानदारों की मांग के अनुरूप इसकी पूर्ति नहीं होती है। इस कारण बाजार में इन नामों से मिलते जुलते प्रोडक्ट की बाढ़ देखने मिल रही है? वही दूसरी ओर यदि प्रशासन की सक्रियता पर गौर किया जावे तो इनके द्वारा कभी कभार ही इस प्रकार की दुकानों का कभी कभार ही निरीक्षण किया जाता है वह भी मात्र औपचारिकता पूर्ण होने के चलते इस प्रकार से गुणवत्ताहीन सामन की बिक्री करने वालों के हौसले बुलंद दिखाई दे रहे है?

महाविद्यालय के पास मुख्य मार्ग के दोनों ओर खड़े हो रहे ट्रकों से यातायात प्रभावित होने के साथ दुर्घटनाओं की बन रही संभावना...?

# शासन प्रशासन के साथ जिम्मेदारों की अनदेखी बन सकती है बड़ी घटना का कारण

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जब कोई बड़ी घटना जन्म ले लेती है तो उस घटना को लेकर अधिकारियों से लेकर नेताओं द्वारा भी मौके पर पहुंचकर दुख प्रकट करने से नही चूकते है तथा घटना के कारणों की जांच का आदेश देते हुये दोषियों के खिलाफ कार्यवाही के लिये बड़े बडे बादे करना शुरू कर देते है..? मगर समय रहते हुये इस तरह की घटनाओं को रोकने के प्रयास शायद ही किसी के द्वारा करते हुये देखा गया हो.. । कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर के वायपास मार्ग यानि की शांतिदूत तिरहा से लेकर रिलाइंस पेट्रोल पंप वाले मार्ग पर दिखाई देने से नही चूक रही है? क्योंकि यह मार्ग जहां राष्ट्रीय स्तर का होने के कारण यहां से दिन भर लम्बी दूरी के बड़े बड़े वाहनों का निकलना तो लगा ही रहता है तो दूसरी ओर क्षेत्र के किसानों द्वारा भी अपना अनाज लेकर ट्रेक्टर ट्राली लेकर इसी मार्ग से निकलते है। इतना ही नही इसी मार्ग पर यानि की राष्ट्रीय स्तर के मार्ग के ठीक किनारे पर नगर का महाविद्यालय सहित अन्य प्रकार के शासकीय भवन होने के कारण महाविद्यालय के छात्र छात्राओं सहित प्रतिदिन हजारों लोगों का आना जाना लगा रहता है। इसी बीच इसी स्थल पर शासन द्वारा शराब ठेका की अनुमति प्रदान किये जाने का परिणाम है कि सुबह से लेकर देर शाम तक जहां शराब खोरी करने वालों का आतंक रहने के चलते लोगों का







निकलना मुशिकल होने से नही चूक रहा है। वही दूसरी ओर इस मार्ग पर बीते हुये लम्बे समय से मुख्य सड़क के दोनों ओर भारी भरकम ट्रकों की दिन रात जिस तरह लाईन लगी हुई देखी जा रही है उसके चलते इस मार्ग की यातायात व्यवस्था तो प्रभावित होते देखी ही जा रही है साथ ही साथ किसी बड़ी घटना को आमंत्रण देते हुये भी जान पड़ रहा है? मगर हैरत की बात यह है कि यहां से जहां प्रतिदिन इस मार्ग से तहसील स्तर से लेकर जिला स्तर के अधिकारियों का निकलना हो रहा है तो दूसरी ओर क्षेत्र के जिम्मेदार नेता भी दिन में एक न एक बार यहां से जरूर निकलते हुये देखे जाते है। मगर इसके बाद भी किसी के भी द्वारा इस तरह सड़क के दोनों ओर लम्बी लाईन में खड़े होने वाले इन ट्रकों को लेकर कोई आवाज उठाना तक उचित नही समझा जा रहा है। जबकि सच्चाई पर गौर किया जावे तो यह मार्ग वैसे भी अति संबेदन शील माना जाता है। क्योंकि यहां पर आये दिन घटनाये घटित होना आम बात बन चुकी है जहां पर पूर्व में घटित हुई सड़क दुर्घटनाओं के चलते दर्जनों लोगों ने अपनी जिन्दगी गवा चुके है । मगर इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस सच्चाई को देखते हुये जिस तरह चुप्पी साधी जा रही है उससे यह जान पड़ रहा है कि शायद अधिकारी है कोई बड़ी घटना का इंतजार कर रहे हो...? बताया जाता है कि शांतिदूत तिरहा से लेकर शक्कर नदी पुल तक का यह मार्ग तिरछा होने के कारण जब यहां से वाहन निकलते है तो दूसरी ओर से आने वाले वाहन चालक को दिखाई ही नही देता है तो दूसरी ओर ठीक महा विद्यालय के समीप इस मार्ग पर घाट होने की स्थिति में यहां से गुजरने वाले वाहनों की गति अपने आप ही तेज हो जाती है जिसके चलते यदि कोई व्यक्ति अचानक मुख्य मार्ग पर आ जाता है तो वाहन चालक को अपना वाहन कन्ट्रोल करना नामुकिन हो जाता है? वही दूसरी ओर इस मार्ग के दोनों ओर पहले से ही फैला हुआ अतिक्रमण जहां यातायात के लिये बाधक बना हुआ था। मगर अब इस मार्ग के दोनों ओर लगने वाली भारी भरकम ट्रकों की लाईन निश्चित तौर से बड़ी घटना को आमंत्रण देने के लिये आग में घी डालने का काम करने के समान प्रतीत होने से नही चूक पा रही है? क्योंकि इस समय नगर के महाविद्यालय में कुछ दिवस के उपरांत शुरू होने जा रही वार्षिक परीक्षाओं के चलते प्रतिदिन छात्र छात्राओं के आने जाने का सिलशिले में इजाफा हो रहा है तो दूसरी ओर इस मार्ग पर खड़े होने वाले ट्रक निश्चित तौर से महाविद्यालय के छात्र छात्राओं की जिन्दगी के साथ आम लोगों के लिये भी एक बड़े खतरे की घंटी बजाने से नही चूक रहे है? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो सड़क के दोनों ओर लम्बी लाईन में खड़े हुये इन ट्रकों के बीच से जब कोई छात्र छात्रा महाविद्यालय के मुख्य द्वार से अपनी स्कूटी या फिर बाइक लेकर मुख्य मार्ग पर पहुंचते है तो उन्हें सामने से आने वाला वाहन नजर ही नही आता है। वही दूसरी ओर महाविद्यालय का मुख्य द्वार ठीक घाट पर होने के कारण गाडरवारा से करेली की ओर जाने वाले वाहन की गति अपने आप ही तेज रहती है इस स्थिति में महाविद्यालय से निकलने वाला छात्र जब सड़क पर पहुंचता है और जब इस मार्ग से निकलने वाले वाहन चालक को वह नजर आता है तो घाट होने के कारण उसे अपना वाहन कन्ट्रोल करना असंभव हो सकता है जिसके चलते बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है...? इसी बात को लेकर महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के अभिभावकों द्वारा क्षेत्र के जिम्मेदार अधिकारियों वे नेताओं से मांग की जा रही है कि समय रहते हुये शांतिदूत तिरहा से लेकर रिलाइंस पेट्रोल पंप तक सड़क के दोनों ओर लम्बी लाईन में खड़े होने वाले इन ट्रकों पर रोक लगाई जावे जिससे कोई बड़ी घटना घटित होने से रोका जा सके।

## संदिग्ध स्थिति में हुई युवती की मौत खड़े कर रही सवाल

### सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा आडियों व पत्र प्रताड़ना की ओर दे रहे संकेत...?

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** निश्चित तौर से जब कोई भी व्यक्ति पूर्णरूप से स्वास्थ्य रहते हुये रात को अपने विस्तर पर सो रहा हो और सुबह जब उसे मृत अवस्था में पाया जावे तो सबाल खड़े होना आम बात मानी जा सकती है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई पीलत नगरी चीचली में एक 19 वार्षिय युवती की मौत को लेकर देखने मिल रहा है। बताया जाता है कि चीचली ही निवासी एक युवती रात के समय अपने घर में विस्तर पर सोई हुई थी और जब परिजनों ने उसे सुबह देखा तो मृत अवस्था में पाये जाने के चलते जहां सनसनी का महौल निर्मित होने से नही चूक पाया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृत युवती के शव का पंचनामा बनाते हुये मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया गया है। इस तरह संदिग्ध स्थिति में युवती की मौत होना जहां संपूर्ण क्षेत्र में चर्चा का विषय बनने से नही चूक रहा है..? दूसरी ओर जिस तरह सोशल मीडिया से कुछ पत्र व आडियों वायरल होते हुये देखा जा रहा है वह युवती की मौत को पूर्णरूप से संदिग्ध बनाने के साथ साथ प्रताड़ना की ओर संकेत देने से नही चूक रहा है..? वही घटना की सच्चाई जानने के लिये चीचली पुलिस से संपर्क करने का प्रयास किया तो पुलिस जबाब देने से बचते हुये दिखाई दे रही है। मगर मामले को लेकर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि युवती की मौत को लेकर मर्ग कायम करते हुये शव का पोस्ट मार्टम कराने के उपरांत परिजनों को सौप दिया गया है। मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। इस तरह संदिग्ध स्थिति में हुई युवती की मौत को लेकर जिस तरह वायरल हो रहे कुछ पत्र व आडियों को लेकर बताया जाता है कि चीचली ही निवासी किसी युवक द्वारा युवती को जबरन शादी करने के लिये प्रताड़ित किया जा रहा था..? यह बात मृतिका के पिता द्वारा भी स्वीकार करते हुये बताया है कि वह लगातार उनकी बेटी पर शादी का दबाव बना रहा था। इस प्रकार से रात को अपने विस्तर पर सुबह मृत अवस्था पाई गई युवती की संदिग्ध मौत संपूर्ण क्षेत्र में चर्चा का विषय बनने के साथ साथ चीचली पुलिस के लिये सच्चाई का पता लगाने के लिये एक चुनौती बनने से नही चूक पा रही है...?



## निर्भया मोबाइल ने किया ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण, सुरक्षा का दिया भरोसा



**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** जिला पुलिस अधीक्षक डा ऋषिकेश मीना के द्वारा महिलाये के साथ साथ मासूम बच्चों की सुरक्षा तथा उन्हें निर्भीक बनाने हेतु बीते हुये 18 फरवरी से से निर्भया मोबाइल की शुरुआत की गई है। इसी के चलते जिले के 4 पुलिस अनुभाग के समस्त थाना क्षेत्रों में बारी बारी से निर्भया मोबाइल का भ्रमण कर बालिकाओं ओर महिलाओं को बढ़ते अपराधों से बचाव हेतु जागरूक करने के साथ साथ उनको निर्भीक बनाने हेतु जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वही दूसरी ओर असामाजिक तत्वों के खिलाफ धरपकड़ मुहिम चलाते हुये उन्हे कृष्ण जन्म भूमि के दर्शन कराने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। इसी के चलते बीते हुये दिवस इस निर्भया मोबाइल द्वारा सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण किया गया। इस दौरान पुलिस चौकी प्रभारी वर्षा धाकड द्वारा अपने स्टाप के ए एस आई जागेश्वर ठाकुर, नेमलाल टेकाम, महिला आरक्षक वंदेश्वरी साहू व शिवानी के महिलाओं व बच्चियों से मुलाकात करते हुये जहां सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। वही बताया जाता है कि इस निर्भया मोबाईल ने समीपस्थ चीचली पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले चीचली शासकीय स्कूल की बालिकाओं सहित ग्राम बगलई में आंगन बाड़ी ,ग्राम सूखाखैरी में चल रहे यज्ञ स्थल पहुंचकर महिला बालिकाओं को निर्भया मोबाइल की जानकारी देकर उनकी समस्याएं सुनी तथा उनका निराकरण किया । इसी प्रकार से शासकीय स्कूल पचामा पहुंचकर बच्चों को जागरूक किया एवं सालीचौका कस्बा के एक असामाजिक तत्व पर धारा 170 में कार्यवाही की गई।

## सांगई में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस, छात्र छात्राओं ने बनाये चित्र

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** अक्सर देखा जाता है कि शिक्षण संस्थाओं में बच्चों में विशेष दिवसों की जानकारी से अवगत कराने के लिये आयोजन किये जाते है। इसी के चलते बीते हुये शनिवार को जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम सांगई एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला मे राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने विज्ञान विषय पर आधारित विभिन्न अध्यायो के आकर्षक चित्र बनाकर उनके बारे मे प्रस्तुतीकरण दिया गया। वही बताया जाता है कि इस दौरान विद्यार्थियों ने अमीबा मे द्विखंडन, तड़ति चालक, मानव श्वसन तंत्र, प्रकाश



संश्लेषण, जंतुओ मे विविधता, मानव उत्सर्जन तंत्र, प्रयोगशाला ताप मापी, विभिन्न आकार के चुंबक आदि विषयों की जरूरी उपयोगिता व जानकारियों से अवगत कराया गया। वही अंत मे प्रथम स्थान लक्ष्मी केवट, द्वितीय स्थान अंकिता धानक, अनन्या धानक, तृतीय स्थान बबली केवट एवं रौशनी केवट को प्राप्त करने पर उपहार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा सभी प्रतिभागी बच्चों को सांत्वना पुरुस्कार दिये गये। कार्यक्रम मे मार्गदर्शी शिक्षक मधुसूदन पटैल ने विद्यार्थियों को बताया कि वैज्ञानिक सी वी रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज की गई थीं उनकी खोज के सम्मान मे 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम मे शिक्षक विवेक नाईक, अतिथि शिक्षक चंद्रभूषण नामदेव, फूलवती केवट सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## नियम विरूद्ध तरीके से हो रही बबूल लकड़ी का अवैध परिवहन, वन विभाग की भूमिका बनी संदिग्ध?

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** इस समय देखा जा रहा है कि जिस प्रकार से क्षेत्र की जंगलों को लकड़ी माफियों द्वारा रातो रात सफाया किया जा रहा है जिसको लेकर स्थानीय वन विभाग की कार्य प्रणाली चर्चाओं में बनी हुई है? वही दूसरी ओर क्षेत्र में जहां तहां बबूल के पेड़ो की कटाई होने के साथ उनका अवैध रूप से दूसरे प्रांतों में परिवहन होना वन विभाग के अधिकारियों पर मिली भगत का संदेह पैदा करते हुए जान पड़ रहा है? जबकि शासन द्वारा बीते हुये वर्ष लगभग 53 प्रकार के वृक्षों की कटाई पर प्रतिबंध लगाते हुये उनके परिवहन पर भी प्रतिबंध लगाया गया है जिसमें बबूल भी शामिल होने की बात कही जाने के उपरांत भी देखा जा रहा हे कि धडल्ले से बबूल के पेडों को काटने के साथ साथ उनकी लकड़ी का परिवहन होना अनेक प्रकार के संदेहों को जन्म दे रहा है? मगर क्षेत्र में देखा जा रहा है कि क्षेत्रवासियों की मिली भगत के चलते कुछ दूसरे प्रांतो से आये हुए लोगों द्वारा म.प्र. से बबूल सहित अनेक प्रकार के पेड़ो की लकड़ी को ओने पोने दामों में खरीदकर अपने प्रांतों में ले जायी जा रही है। इस संबंध में बताया जाता है कि क्षेत्र में बाहर से आये हुए बबूल माफियों द्वारा यहां से बबूल की लकड़ी खरीदकर अपने प्रांत को अवैधानिक रूप से खुलेआम परिवहन करते हुए देखे जाने के बाद भी बन विभाग द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही न करना निश्चित तौर से वन अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर प्रश्न वाचक चिन्ह लगाने से नही चूक रहा है? वही दूसरी ओर इस प्रकार से धडल्ले से चल रहे लकड़ी के अवैध परिवहन को लेकर वन विभाग के अधिकारियों की मिली भगत का संदेह पैदा होने से भी नही चूक पा रहा है? इस प्रकार क्षेत्र के गांवों से बबूल के पेड कटने के साथ उनका परिवहन होने का परिणाम इस प्रकार से देखने मिल रहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में खड़े हुए बबूल के जंगल जहां आज साफ होने के बाद सिर्फ उनके ठूट ही ठूट नजर आ रहे है?

## शांति पूर्वक संपन्न हुई कक्षा 5 और 8वीं की वार्षिक वोर्ड परीक्षायें

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** राज्य शिक्षा केन्द्र क़े निर्देशानुसार शनिवार को क्षेत्र के विभिन्न परीक्षा केन्द्रो पर जारी कक्षा 5वीं और कक्षा 8वीं की वोर्ड वार्षिक परीक्षाएं शांति पूर्वक संपन्न होने के चलते परीक्षार्थियों के चेहरों पर अनोखी मुस्कान देखने मिली। बताया जाता है कि दोपहर 2 बजे से शाम 4:30 बजे तक क्षेत्र क़े परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हुई इस परीक्षा मे क्षेत्र की समस्त शासकीय, मान्यता प्राप्त अशासकीय और अनुदान प्राप्त शालाओं क़े छात्र छात्राएँ शामिल हुए। परीक्षा के अंतिम दिन कक्षा 8 कक्षा के बच्चों ने सामाजिक विज्ञान विषय का पर्चा हल किया। उल्लेखनीय हैं कि परीक्षा हेतु क्षेत्र क़े साईंखेड़ा ब्लॉक मे कुल 26 परीक्षा केंद्र बनायें गए थे जिनमे नगर गाडरवारा मे पीएमश्री बीटीआईं स्कूल, पीएम श्री शासकीय कन्या नवीन, शासकीय आदर्श उ मा विद्यालय, शासकीय कन्या उ मा विद्यालय एवं सरस्वती उ मा विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया हैं। इसके अलावा चीचली ब्लाक मे कुल 33 स्कूलों को परीक्षा केंद्र की स्थापना की गई थी। सम्पूर्ण परीक्षा के दौरान इन परीक्षा केंद्रों का स्कूल शिक्षा विभाग क़े अधिकारियो ने निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। साईंखेड़ा ब्लॉक मे बीईओ सीमा डोंगरे, बीआरसी संदीप स्थापक, बीएसी मनीराम मेहरा, पवन राजोरिया एवं चीचली ब्लॉक मे बीईओ वीरेंद्र राजपूत, बीआरसी डी के पटैल, बीएसी अरुण दुबे सहित जनशिक्षकों ने केन्द्रो पर जाकर परीक्षा संचालन से जुडी व्यवस्थाएं देखी। इस तरह संपन्न हुई सम्पूर्ण परीक्षा के आयोजन मे समस्त केंद्र अध्यक्ष, सहायक केंद्र अध्यक्ष, पर्यवेक्षकों की अहम भूमिका रही। चिरहकला केंद्र पर केंद्र अध्यक्ष रजनीश गुप्ता, सहायक केंद्र अध्यक्ष श्रीमति रुपी जैन सहित सभी पर्यवेक्षकों के उल्लेखनीय सहयोग से परीक्षा संपन्न हुई। अब जल्द परीक्षा की अमूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन प्रारंभ होगा।

## होली त्यौहार शांतिपूर्वक मनाने के लिये सालीचौका पुलिस चौकी प्रांगण में आयोजित शांति समिति की बैठक



**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका। रंगों से भरा हुआ होली त्यौहार इस तरह से होता है कि लोग अपनी मर्यादाओं भूलने में कोई कसर नही छोड़ते है। इसी के चलते पुलिस प्रशासन के लिये होली त्यौहार एक चुनौती के समान साबित होने से नही चूकता है.. ? क्योंकि इस समय चल रही वोर्ड परीक्षाओं तथा मुस्लिम भाईयों के रमजान माह के बीच पड़ रहे होली त्यौहार के बीच एक अनोखा संगम बनते हुये देखा जा रहा है। गौर किया जावे तो मुस्लिम भाईयों का रमजान माह व होली त्यौहार एक साथ होने के चलते निश्चित तौर से व्यवस्थाओं को बनाना जहां पुलिस के चुनौती दिखाई दे रही है।**

इस तरह होली के बीच रमजान माह का संगम के चलते पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था बनाने की व्यवस्थाओं में जुटीं हुई देखी जा रही है। इस बात को ध्यान में रखते हुये जहां पुलिस प्रशासन अभी से पूर्णतः अलर्ट मूड में नजर आने लगा है। गाडरवारा अनुविभाग के अंतर्गत सभी पुलिस थानों से लेकर पुलिस चौकियों में शांति समिति की बैठको का आयोजन करते हुये लोगों को जरूरी दिशा निर्देश जारी किये जा रहे है। इसी के चलते शनिवार को नगर के उप पुलिस थाना सालीचौका प्रागंण में थाना टीआई अशोक सिंह चौहान के मार्ग दर्शन में चौकी प्रभारी वर्षा धाकड़ द्वारा शांति समिति की बैठक आयोजन किया गया। इस दौरान चौकी प्रभारी वर्षा धाकड के आलवा मुख्य नगर पालिका अधिकारी भवानी प्रसाद शर्मा, समाज सेवी राम नारायण बडकुर, जितेन्द्र राय, सुरेश कुमार मामुलिया, भरत पटैल, दुर्गा प्रसाद पटैल, नरेश चौकासे, भोले मालवीय के सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। आने वाले होली का त्यौहार को शांति पूर्वक मनाने को लेकर आयोजित बैठक में अनेक मुद्दो पर चर्चा करते हुये शांति पूर्वक होली त्यौहार मनाने की बात कही गई। इस बैठक में अधिकारियों ने कहा कि इस नगर में शांति, आपसी सौहार्द, सदभाव एवं एकता की गौरवशाली परंपरा रही है। वही होलिका दहन में लकड़ी की अपेक्षा गोबर के कंडे व गौकाष्ठ का उपयोग करने पर जोर दिया। बैठक में नागरिकों से अपील की कि नगर जिस तरह शांति, सद्भाव एवं एकता की गौरवशाली परंपरा के अनुरूप जिसके चलते आगामी होली, रंगपंचमी सहित सभी त्यौहार मिल- जुलकर आपसी भाईचारे के साथ मनाये जायें। बैठक में कुछ लोगों द्वारा महत्वपूर्ण सुझाव दिये। इन पर अमल का भरोसा अधिकारियों द्वारा दिया गया। वही बैठक में निर्णय लिये गये कि में होलिका ऐसे स्थान पर रखी जाये, जहां आवागमन प्रभावित नहीं हो। होलिका दहन निर्धारित समय पर किया जावे। वही होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण किया जाये। विद्युत तारों/ टेलीफोन लाइन के नीचे होलिका न रखी जाये और मुख्य रूप से डामर व सीसी रोड पर होलिका दहन नहीं हो क्योंकि जिस सड़क पर होलिका दहन होता है वह सड़क बाद में खराब हो जाती है जिससे हम सभी लोगों को परेशान होना पड़ता है। वही दूसरी ओर आने वाले होली त्यौहार को ध्यान में रखते हुये सालीचौका पुलिस द्वारा नगर में प्लैग मार्च करते हुये सड़को पर भ्रमण करते हुये लोगों को पुलिस की मौजदूगी का अहसास कराया गया।

## खबर संक्षेप



### पोस्टमैन हत्याकांड का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**डिंडोरी।** थाना गाड़ासरई अंतर्गत बघरैली धनौली मार्ग किनारे मंगलवार को भारतीय डाक विभाग में पदस्थ पोस्टमेन की हत्या के मामले का दूसरा आरोपी को बीना जिले से पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। आरोपी हत्या को अंजाम देने के बाद से ही फरार चल रहा थाए जिसका नाम सबनू उर्फ सोनू धुर्वे निवासी बरटोला बघरैली बतलाया गया है। जिसकी दोस्ती मुख्य आरोपी पारसमणि के साथ काम करने के दौरान हैदराबाद में हुई थी। गौरतलब है कि मंगलवार को बघरैली धनौली मार्ग पर भरत लाल नंदा निवासी मझियाखार की लाश बरामद की गई थी। हत्या के आरोप में पुलिस ने मृतक के साले पारसमणी को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ के दौरान पारसमणि ने दोस्त सबनू के साथ मिलकर जीजा भारत लाल का सिर पत्थर से कुचलकर वारदात को अंजाम देने की जानकारी दी थी।

### साकेत नगर के पास सटोरिया पकड़ा गया

**डिंडौरी।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत साकेत नगर के पास एक सटोरिया को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को मुखबिर सूचना प्राप्त हुयी कि नर्मदा पुल पार साकेत नगर के पास एक आदमी सट्टा पर्ची लिख रहा है। मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश देने पर नर्मदा पुल पार साकेत नगर पास एक व्यक्ति सट्टा पर्ची लिखते हुए मिलाए जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगाए जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम राजेन्द्र बनवासी पिता आनंद बनवासी उम्र 24 साल निवासी ग्राम देवरा माल बताया। आरोपी के कब्जे से 01 नग सट्टा पर्चीए नीला डाट पेनए नगदी 300 रुपये जब्त किए गए। आरोपी के विरुद्ध 4 ;कद्ध सट्टा एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### विक्रमपुर के पास सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**डिंडौरी।** पुलिस चौकी विक्रमपुर अंतर्गत जबलपुर रोड स्थित उदार नदी के नजदीक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नैन सिंह परस्ते पिता कल्याण परस्ते उम्र 32 वर्ष निवासी डुंगरिया थाना शहपुरा शनिवार की दोपहर लगभग 12 बजे अपने घर से विक्रमपुर बाजार आ रहा था जिसकी बाईक दुर्घटना ग्रस्त हो गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गया आने जाने वाले लोगों ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद युवक को स्वास्थ्य केन्द्र विक्रमपुर लाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। फिलहाल जानकारी नहीं लग पाई है कि हादसा कैसे हुआ पुलिस जांच में जुट गई है।


### किशोरियों के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरूए जिला अस्पताल में कार्यशाला आयोजित

**डिंडोरी।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरियाए के मार्गदर्शन में जिला अस्पताल डिंडोरी के सभागार कक्ष में शनिवार को एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आशा कार्यकर्ता की किशोरी बेटी को एचपीवी वैक्सीन लगाकर किया गया। जिला स्तरीय कार्यशाला में मुख्य अतिथि रूदेश परस्ते जिला पंचायत अध्यक्ष एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। राष्ट्रीय स्तर पर इस अभियान का शुभारंभ अजमेरए राजस्थान से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किया गया। मध्यप्रदेश में इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉण मोहन यादव एवं स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ला के कर कमलों से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉण मनोज पाण्डे ने एचपीवी वैक्सीन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह टीका किशोरियों में बच्चेदानी के मुंह का कैंसर महिलाओं में सबसे ज्यादा होने वाले स्तन कैंसर के बाद दूसरे नंबर पर आता है यह कैंसर से बचाने में अत्यंत प्रभावी है तथा समय पर टीकाकरण से भविष्य में गंभीर बीमारी की रोकथाम संभव है। अगर विश्व परिदृश्य में देखें तो एक लाख की जनसंख्या में 199 महिलाएं पीड़ित होती हैं वहीं भारत में 156 महिलाएं और प्रदेश में 165 महिलाएं इस बीमारी से पीड़ित होती है। बच्चेदानी का कैंसर ह्यूमन पीपोलोमा वायरस एचपीवी से होता है तथा यह एक मात्र कैंसर है जो कि एचपीवी वैक्सीन लगाने से बचाए जा सकता है। इस अवसर पर सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉण रमेश सिंह मरावीए जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ राजकुमार डोंगर हॉस्पिटल प्रबंधक योगेंद्र ऊईकेए जिला कार्यक्रम प्रबंधक दिलीप कछवाहाए जिला समन्वयक आरकेएसके ओम प्रकाश उरैतीए जिला वैक्सीन मैनेजर सचिन यादव नर्सिंग ऑफिसरए आशा कार्यकर्ताए किशोरी बालिकाए एवं अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।

## पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय धमनगांव डिंडौरी में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का सफल आयोजन











डिंडौरी।

विद्यालय समिति के तत्वाधान में संचालित पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय डिंडौरी में भारत रत्न सर सीण वीण रमन जी की याद में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विज्ञान शिक्षक आयुष लहरियाए मधुवन्त राव धुर्वेए प्रतिभा पटेलए मनीष ठाकुर के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष विज्ञान दिवस पर भाषणए प्रश्नोत्तरी एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इन सभी में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिया। इस वर्ष विद्यार्थियों ने मल्टी स्किल लैब एवं अटल टिंकरिंग लैब से भी जुड़े हुए मॉडल प्रदर्शित किए। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉण हर्ष प्रताप सिंह एवं उपप्राचार्या श्रीमती अल्का विश्वकर्मा के उचित मार्गदर्शन में हुआ। इस कार्यक्रम को आयोजित कराने में विद्यालय के शिक्षकगण श्रीमती संचिता बनर्जीए सुनीता गुप्ताए डीण केण सोनकरए केशव सिंह धुर्वेए योगेश्वर वर्माए राहुल कुमारए अजीत कुमारए उमाशंकर आदि ने विशेष योगदान दिया एवं विद्यार्थियों को उत्साह वर्धन कर मार्गदर्शन प्रदान किया।

## आरसेटी द्वारा सब्जी उत्पादन प्रशिक्षण बैच का सफल समापन



**डिंडोरी ।** जिले के मेहदवानी विकासखंड अंतर्गत ग्राम सुखलोड़ी में तैम्ज्प द्वारा संचालित सब्जी उत्पादन प्रशिक्षण बैच का सफलतापूर्वक समापन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया आरसेटी के माध्यम से आयोजित किया गया।समापन कार्यक्रम में आरसेटी निदेशक एसण एसण समदए परीक्षक राज कुमार नामदेवए जिला प्रबंधक एनआरएलएम केशव प्रजापतिए विकासखंड प्रबंधक एनआरएलएम मेहदवानी राजेश कछवाहाए फैकल्टी कुण दीपिका सिंगौर तथा राम प्रसाद पाराशर की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा उन्हें आधुनिक एवं उन्नत तकनीकों के माध्यम से सब्जी उत्पादन कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण में जैविक खेतीए उन्नत बीज चयनए पौध संरक्षणए सिंचाई प्रबंधन तथा विपणन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं।जिला प्रबंधक प्रजापति ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण ग्रामीण युवाओं और महिलाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर सृजित करते हैं तथा उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होते हैं।कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## एम एस जी एकेडमी सक्का रंगों की बौछार में झूम उठा



**अमरपुर।** जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत एम एस जी एकेडमी सक्का में नन्हें मुन्ने स्कूली बच्चों द्वारा होली का पर्व बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर रंग.बिरंगे गुलाल और मुस्कुराते चेहरों से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और रंगों के महत्व पर प्रेरणादायक संदेश के साथ हुई। विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को होली के सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं बल्कि आपसी भाईचारेए प्रेम और सद्भाव का प्रतीक हैं। वहीं पर छात्र.छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। रंगारंग नृत्यए गीत और नाट्य प्रस्तुति ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया। बच्चों ने एक.दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी और यह संदेश दिया कि बुराई पर अच्छाई की जीत ही सच्ची होली हैं। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों को सुरक्षित और पर्यावरण.हितैषी होली खेलने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान का वितरण किया गया। जिससे नन्हें मुन्ने बच्चों की खुशी दोगुनी हो गई।

## एक की जगह तीन एकड़ की रजिस्ट्री खाताधारकों की भी नहीं ली सहमति

**डिंडौरी।** आदिवासी बाहुल्य डिंडौरी जिले में भू.माफिया किसानों के अषिक्षित होने का जमकर फायदा उठा रहे हैं। पहले भोले भाले ग्रामीणों को महंगी कीमत का लालच देते हैं फिर धोखाधडी करके तय सौदा से ज्यादा जमीन की रजिस्ट्री करके जमीन हड़पने की कोशिश में लग जाते हैं। ताजा मामला राजस्व निरीक्षक मंडल विक्रमपुर अंतर्गत पटवारी हल्का सिंगारपुर का सामने आया है। जहां भू.माफिया एक बुजुर्ग महिला के अषिक्षित होने का फायदा उठा एक एकड़ की जगह तीन एकड़ की रजिस्ट्री करवा ली। इस पूरे विषय पर जमीन के अन्य खाता धारकों की सहमति भी नहीं ली। इस बावद पीड़ित परिवार ने अधिकारियों से शिकायत करते हुए बतलाया है कि खरीददार ने महिला से मात्र एक एकड़ जमीन का सौदा किया था लेकिन चालाक खरीददार ने तीन एकड़ की रजिस्ट्री करवा ली है। पेश की गई शिकायत में भूस्वामी भागा उर्फ भागवती पिता गंगू लाल जाति अहीर ने बतलाया कि कमलेश राव पिता संपत लाल राव निवासी ग्राम देवरा ने उसकी राजस्व निरीक्षक मंडल विक्रमपुरए पटवारी हल्का नम्बर 28 सिंगारपुर माल में स्थित जमीन में एक एकड़ जमीन खरीदने का सौदा 2 लाख 10 हजार में किया था। जिसका खसरा नम्बर 78 है। महिला का आरोप है कि कमलेश राव ने धोखाधड़ी करते हुए छल कपट उसके हिस्से की संपूर्ण भूमि खसरा नम्बर 78ए 103ए 122द्2 और 319 के रकवा की कुल लगभग तीन एकड़ भूमि की रजिस्ट्री करा ली। इस धोखाधडी के साथ ही कमलेश राव ने महिला के साथ दोबारा जालसाजी करते हुए सौदा की गई दो लाख दस हजार की राशि में से दो किस्तों में साठ हजार रुपये खाते खुलवाने और कंपनी में जमा कराने के नाम पर हड़प लिये। धोखाधड़ी की भनक लगने पर भागवती ने अन्य खातेदार और अपने भाई प्रताप लाल को जानकारी दी तो उनके पैरों तले जमीन सरक गई। आरोप है कि पहले तो कमलेश राव ने धोखाधड़ी करके महिला की जमीन हड़प ली और फिर रुपये भी वसूल लिये।



महिला की जमीन हड़प ली और फिर रुपये भी वसूल लिये।

### अन्य खाताधारकों से नहीं ली सहमति

शिकायतकर्ता के तौर पर शामिल खाताधारक प्रताप सिंह ने बतलाया कि खसरा नम्बर 78ए 103ए 122द्2 और 319 में कुल 5ण्57 हेक्टेयर भूमि शामिल शरीक में भागू लालए प्रताप लालए चुन्नी बाई और भागवती के नाम दर्ज है। अब तक हम सभी हकदारों का बंटवारा नहीं हुआ है और जमीन विक्रय के दौरान शामिल खाता धारकों से सहमति भी नहीं ली गई है। बावजूद इसके जमीन की रजिस्ट्री हो गई। प्रताप लाल ने बतलाया कि जब इस संबंध में कमलेश राव से जानकारी ली गई तो कमलेश राव ने शिकायत करने पर जेल में बंद करने की धमकी प्रताप सिंह एवं भागवती को दी है। पीड़ित पक्ष ने तहसीलदार के समक्ष आवेदन पेश कर प्रमाणीकरण पर रोक लगाने की मांग भी की है।

## बजाग थाने में शांति समिति की बैठकए हुड़दंगियों को सख्त चेतावनी

डिंडौरी।



होली पर्व के मद्देनजर थाना बजाग में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। थाना प्रभारी शिवलाल मरकाम ने उपस्थित जनप्रतिनिधियोंए गणमान्य नागरिकों एवं ग्रामीणों को होली के दौरान शांतिए सौहार्द और कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु विस्तृत दिशा.निर्देश दिए। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि किसी भी व्यक्ति पर जबरन रंग या गुलाल न लगाया जाएए जिससे विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सके। खराब या केमिकल युक्त रंगों का उपयोग न करने की अपील की गई। शराब पीकर वाहन चलानेए स्टंटबाजी करने तथा हुड़दंग करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। साथ ही कहा गया कि चंदा वसूली के नाम पर मुख्य मार्गों में पत्थर रखकर या रस्सी बांधकर रास्ता अवरुद्ध न किया जाए। ऐसा करने वालों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। बैठक में यह भी समझाइश दी गई कि सोशल मीडिया पर किसी भी समुदाय विशेष की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली पोस्ट साझा न करें। होली आपसी भाईचारे और सद्भाव का पर्व हैए इसे शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में होलिका दहन के दौरान सावधानी बरतने तथा लकड़ी इकट्ठा करने के नाम पर किसी प्रकार का विवाद न करने की बात कही गई। होलिका दहन के समय का विशेष ध्यान रखने और प्रशासन के दिशा.निर्देशों का पालन करने पर जोर दिया गया। गुलाल खेलने के बाद नशे की हालत में नदी.नालों या तालाबों के गहरे पानी में स्नान करने से बचने की अपील की गईए ताकि किसी अप्रिय घटना की संभावना न रहे। किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक गीतए नारे या डीजे पर अशोभनीय गाने बजाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। वर्तमान में बोर्ड परीक्षाएं संचालित होने के कारण डीजे के उपयोग पर विशेष नियंत्रण रखने की बात कही गई। आवश्यकता पड़ने पर नियमानुसार अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य रहेगा तथा सर्वोच्च न्यायालय के दिशा.निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा। डीजे संचालन करने वाले कर्मचारियों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। विद्युत संबंधी समस्याओं पर चर्चा करते हुए बताया गया कि यदि कहीं विद्युत लाइन टूट जाए या कोई तकनीकी खराबी आए तो आमजन स्वयं सुधार का प्रयास न करेंए बल्कि तत्काल 1912 पर सूचना दें। बैठक में उपस्थित विद्युत विभाग के जेई पन्नेलाल ने भी इस संबंध में आवश्यक जानकारी दी। थाना प्रभारी ने बाहरी एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की और सभी समुदायों से एक.दूसरे के धर्म और परंपराओं का सम्मान करते हुए त्योहार मनाने का आग्रह किया। बैठक में ग्राम पंचायत माल की सरपंच द्रोपदी रौतेलए रैयत सरपंच शंकर धुर्वेए उपसरपंच मुरारी लाल साहूए जनपद सदस्य लोकेश पटेरियाए शानित रजकए कमलेश पटेरियाए संतोष साहूए मानिक लालए चूरामन साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिकए ग्रामीण जनए विद्युत विभाग के अधिकारी.कर्मचारी एवं पुलिस अमला उपस्थित रहा।

## ग्राम पडरिया डोंगरी में घर में घुसे सर्प का वन विभाग ने किया सुरक्षित रेस्क्यू



**डिंडौरी।** विकास खंड बजाग के नजदीक ग्राम पडरिया डोंगरी के एक घर में उस समय भय का माहौल बन गयाए जब जगन्नाथ साहू के पक्के मकान के परिसर में एक सांप के विचरण करने की सूचना मिली। घर के आसपास सांप को देख परिजन भयभीत हो गए तथा तत्काल वन विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही सामान्य वन परिक्षेत्र बजाग की टीम मौके पर पहुंची। वनपाल अजय मुकुंद पाल एवं वनरक्षक दिनेश मार्को ने सावधानी और सूझबूझ का परिचय देते हुए आवश्यक उपकरणों की मदद से गेहुआ प्रजाति के सर्प को सुरक्षित तरीके से पकड़ा। रेस्क्यू के दौरान आसपास खड़े लोगों को सुरक्षित दूरी बनाए रखने की समझाइश भी दी गई। वन विभाग की टीम ने सर्प को किसी प्रकार की क्षति पहुंचाए बिना सुरक्षित पकड़कर तरच क्षेत्र के जंगल में छोड़ दियाए ताकि वह अपने प्राकृतिक आवास में लौट सके। पूरी कार्रवाई व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। वन विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी वन्य जीव के दिखाई देने पर घबराएं नहीं और स्वयं उसे पकड़ने या नुकसान पहुंचाने का प्रयास न करें। वन्य जीव प्रकृति का महत्वपूर्ण हिस्सा हैंए इसलिए उनकी सुरक्षा और संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है। ऐसी स्थिति में तत्काल वन विभाग को सूचना देंए ताकि सुरक्षित और वैधानिक कार्रवाई की जा सके।

## ग्राम पंचायत बिलाईखार का लापरवाह सचिव निलंबित

डिंडौरी। जनपद पंचायत बजाग अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलाईखार के लापरवाह सचिव को जिला पंचायत सीईओ ने निलंबित कर दिया है। जिला पंचायत से जारी आदेश में लेख किया गया कि जनपद पंचायत बजाग सीईओ द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया था कि बिरसिंह धुर्वे सचिव ग्राम पंचायत बिलाईखार के द्वारा शासकीय पदीय दायित्व के निर्वहन में लापरवाही की जा रही है। सचिव द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन में रूचि नहीं ली जा रही हैए जिससे ग्राम पंचायत बिलाईखार की प्रगति प्रभावित हुई है। ग्राम पंचायत बिलाईखार में समग्र केवाईसी के 545 हितग्राही शेष है। सचिव के ग्राम पंचायत कार्यालय मुख्यालय में लगातार अनुपस्थित रहने से ग्रामीण जनों के कार्य प्रभावित हो रहे हैए जिस कारण ग्रामीणों एवं सरपंच के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। इस बावद सरपंच ग्राम पंचायत बिलाईखार द्वारा 23 जनवरी 2026 को सचिवए के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने का लेख किया गया था। लापरवाह सचिव को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बजाग के द्वारा अलग अलग तिथि में कारण बताओं सूचना पत्र भी जारी किया गया था। लेकिन सचिव की कार्यप्रणाली में सुधार नहीं आया है। सचिव के विरूद्ध वित्तीय अनियमितता के संबंध में जनपद पंचायत स्तरीय जांच समिति गठित कर 09 दिसंबर 2025 को पत्र जारी कर 1ए84ए000 रुपए की वसूली हेतु प्रस्ताव के आधार पर न्यायालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत में देयता निर्धारण का प्रकरण दर्ज कर दिनांक 29 जनवरी 2026 से 92000 रुपये की वसूली आदेश पारित किया गया है। इस प्रकार बिरसिंह धुर्वे सचिव ग्राम पंचायत बिलाईखार का कृत्य अनुशासनहीनता एवं पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाहीए कर्तव्य के प्रति उदासीनता तथा वित्तीय अनियमितता को दर्शाता हैए जिसके चलते वीर सिंह धुर्वे सचिव ग्राम पंचायत बिलाईखार को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

## पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ गोबर आधारित होलिका दहन के निर्देश जारी

**डिंडौरी।** मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा होली पर्व को पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक सद्भाव के संदेश के साथ मनाए जाने के संबंध में विस्तृत दिशा.निर्देश जारी किए गए हैं। इस वर्ष होलिका दहन में लकड़ी के स्थान पर उपले एवं गोबर काष्ठ के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाएए जिससे जलाऊ एवं इमारती लकड़ी की कटाई रोकी जा सके तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिले। साथ ही प्राकृतिक एवं हर्बल रंगों से होली खेलनेए पानी की बचत करने तथा पशु.पक्षियों पर रंग न डालने का संदेश जनसामान्य तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों में कहा गया है कि जिले में आयोजित होने वाले सभी सार्वजनिक होलिका दहन कार्यक्रमों का निःशुल्क पंजीयन कराया जाए। यह पंजीयन जिला मुख्यालयए तहसील एवं नगरीय निकायों तथा पंचायत स्तर पर सुनिश्चित किया जाए। प्रशासनिक अधिकारी होलिका दहन के दिन मैदानी अमला सार्वजनिक स्थलों का भ्रमण कर गोबर काष्ठ आधारित होलिका दहन को प्रोत्साहित करेगा। संबंधित अधिकारी आयोजन के दो.तीन दिवस के भीतर अपने प्रतिवेदन जिला कलेक्टर को प्रस्तुत करें। राज्य शासन के निर्देशानुसार आगामी दिनों में जिला मुख्यालयों पर जिला स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित कर गोबर आधारित होलिका दहन को बढ़ावा देने वाली संस्थाओं एवं उनके पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री की ओर से तैयार प्रशस्ति.पत्र प्रदान किए जाएंगे। भविष्य में भी ऐसी संस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर प्रोत्साहन दिए जाने की बात कही गई है। मुख्यमंत्री डॉण मोहन यादव ने प्रदेश में स्वच्छ और स्वस्थ होली अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समस्त कलेक्टर कमिश्नर को इसकी निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मुख्यमंत्री ने आमजन से अपील की है कि वे भाईचारेए सामाजिक एकता एवं पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ होली पर्व मनाएं।

## मालवाहक ने दो बाइक को मारी टक्करए मांए बेटे की हुई मौत

डिंडौरी।

जिले के गाडासरई थाना अंतर्गत अमरकंटक मार्ग में ग्राम मोहतरा में पथरकुचा तिराहा में शुक्रवार की सुबह मालवाहक छोटा हाथी ने दो बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों बाइक में सवार पांच में से चार लोग घायल हो गए। घायल अवस्था में गाडासरई से जिला अस्पताल लाते समय एक महिला की रास्ते में मौत हो गई। वहीं महिला के बच्चे को जिला अस्पताल से जबलपुर रेफर कर दिया गयाए जिसकी भी जबलपुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अस्पताल चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगरू सिंह पट्टा उम्र 53 वर्ष निवासी ग्राम रतना अपनी बेटी आरती नेताम 25 वर्ष और नाती दिव्यांश नेताम उम्र 2 वर्ष को बाइक से ग्राम लूटीटोला मोहतरा से वापस अपने घर ग्राम रतना आ रहा था। सुबह लगभग साढ़े नौ बजे के आसपास ग्राम मोहतरा में पथरकुचा तिराहा में डिंडोरी की ओर से जा रहे छोटा हाथी मालवाहक के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुये बाइक को सामने से टक्कर मार दी। इसके बाद मालवाहक ने करंजिया की ओर से आ रहे मोटरसाइकिल सवार दो युवक को भी टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों बाइक में सवार पांचों लोग सडक पर वाहन सहित गिर गए। राहगीरों की मदद से 108 वाहन से सभी को गाडासरई के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। गंभीर हालत में आरती को जिला अस्पताल लाया गया जहां दोपहर लगभग पौने एक बजे डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं महिला के दो वर्षीय पुत्र दिव्यांश को जिला अस्पताल से जबलपुर रेफर किया गया था जिसकी रास्ते में मौत हो गई है। पुलिस ने पीएम करा स्वजनों को सौंप दिया है।

### पीपल टोला एवं एमपीईबी के पास से कुल 12 लीटर अवैध शराब जब्त

**डिंडौरी।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पीपल टोला एवं एमपीईबी के पास से दो महिला के कब्जे से कुल 12 लीटर अवैध शराब जप्त की गई है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को मुखबिर सूचना मिली कि वार्ड क्रमांक 07 एमपीईबी के पीछे एक महिला कच्ची महुआ शराब अवैध बिक्री हेतु रखी है। सूचना पर मौके पर दबिश देने पर एक महिला पुलिस वालों को देखकर जो सफेद नीली जरीकेन पर कच्ची महुआ शराब अवैध बिक्री हेतु रखी हुई उसे छुपाने का प्रयास कर रही थी। नीली जरीकेन के अंदर कच्ची महुआ शराब 6 लीटर रखे मिली जिसे जब्त किया गया। जब्त शराब की कुल कीमत 600 रुपये है। पुलिस ने बतलाया कि इसी प्रकार मुखबिर से सूचना मिली कि एक महिला पीपल टोला के पास जरिकेन में अवैध कच्ची महुआ शराब विक्रय हेतु रखी है। सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश देने पर पीपल टोला के पास मेन रोड में एक महिला जरिकेन में कुछ रखी दिखाई दी। जरीकेन में भरी 6 लीटर कच्ची हाथ भट्टी महुआ शराब जब्त की गईए जिसकी कीमत 600 रुपए है। दोनों महिला के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 ;कद्ध का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी भूमि से संबंधित लिंक रजिस्ट्री गुम हो गई है। उक्त लिंक रजिस्ट्री के अनुसार वर्ष 2023 के पूर्व यह भूमि श्री अविनाश जैन, पिता - श्री प्रकाश चंद जैन, निवासी - वार्ड क्रमांक 8, डिंडोरी के नाम दर्ज थी। यह भूमि श्री अविनाश जैन द्वारा श्री सुगम चंद्र जैन, पिता - स्वर्गीय नेमी चंद्र जैन से क्रय की गई थी। भूमि का विवरण इस प्रकार है : भूखंड क्रमांक ए-16, साकेत नगर, ग्राम पंचायत देवरा, पटवारी हल्का नंबर 34, खसरा नंबर 656/34, कुल रकबा 0.020 हेक्टेयर, क्षेत्रफल 2500 वर्गफुट (प्लॉट आकार 50 x 50)। उक्त दस्तावेज का पंजीकरण दिनांक 30/03/2005, पंजीयन क्रमांक 1739, ग्रंथ क्रमांक अ-1/1682, पुस्तक क्रमांक P587338 तथा पृष्ठ क्रमांक 33 से 44 है। यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था का कोई दावा, आपत्ति, ऋण, बैंक लोन अथवा किसी प्रकार का वित्तीय लेन-देन लंबित हो, तो इस सूचना के प्रकाशन के पंद्रह (15) दिनों के भीतर नीचे दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क करें। साथ ही, यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त लिंक रजिस्ट्री प्राप्त हो, तो कृपया सूचित कर वापस करने का कष्ट करें।

भवदीय
प्रकाश चंद्र चौरसिया
साकेत नगर, डिण्डौरी
मो.नं. - 7489271281

## खबर संक्षेप

### वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, 1 की मौत



**नरसिंहपुर।** गत दिवस मुंगवानी थाना अंतर्गत सिलवानी निवासी बलराम सिंह ठाकुर उम्र 34 वर्ष अपने किसी काम से बाइक से अकेला जा रहा था वहीं गोगावरी पिपरिया के पास उसे पिकअप वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं डायल 112 की सहायता से उसे उपचार के लिए नरसिंहपुर जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने परीक्षण के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया वहीं अस्पताल चैकी पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है।

### बाइक टक्कर के बाद हुआ विवाद, चली गोली

**नरसिंहपुर।** विगत दिवस थाना क्षेत्र मुंगवानी में दो बाइको के बीच टक्कर के बाद हुए विवाद के दौरान गोली चलने की घटना सामने आई है। फायरिंग में एक युवक घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए शासकीय जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोटेगांव निवासी सोहन चैहान अपने साथी मनीष के साथ किसी कार्य से बाइक से मुंगवानी गया था। उसी दौरान उसकी बाइक की टक्कर मुंगवानी के पास राहुल सोनी नामक व्यक्ति की बाइक से हो गई। टक्कर के बाद दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते झूमाझटकी में बदल गई। उसी दौरान राहुल ने अपने पास रखी गन से फायर कर दिया। गोली सोहन के दाहिने पैर की जांघ में लगी, जिससे वह घायल हो गया। वही उसके दोस्त ने पुलिस को सूचना दी डायल 112 की सहायता से घायल को जिला अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। वही पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई हैं।

### होलिका दहन कल 2 मार्च सोमवार को मंगलवार को होगा चन्द्र ग्रहण

**तेंदूखेड़ा** हिन्दु परम्परा का महापर्व प्रेम और आपसी सद्भाव का त्यौहार बसन्तोत्सव रंगों का त्यौहार होलिका दहन से रंग पंचमी तक मनाया जाता है। हमारी सनातन परम्परा के अनुसार हिन्दुओं की आस्था परस्पर सौहार्द एवं प्रेम का यह त्यौहार होलिका दहन से प्रारम्भ होता है। प्रतिवर्ष होलिका दहन फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा की रात्रि को किया जाता है। होली की अग्नि में हम काम क्रोध लोभ मोह मद और ईर्ष्या आदि दुर्गुणों का दहन करके परस्पर प्रेम और सद्भाव के रंगों से इस पर्व को आनंद पूर्वक मनाते हैं। ज्योतिष रत्न ज्योतिष शिरोमणि आचार्य प्रमोद पचौरी ने बताया कि इस वर्ष पूर्णिमा तिथि 3 मार्च मंगलवार को सूर्यास्त के पहले ही समाप्त हो जायेगी। 2 मार्च सोमवार को चतुर्दशी के उपरांत पूर्णिमा तिथि में होलिका दहन किया जायेगा। पूर्णिमा के प्रारम्भ होते ही



भद्रा प्रारम्भ हो जाती है। हमारे धर्म शास्त्रों में वर्णन है कि भद्रा काल में श्रावणी रक्षाबंधन और फाल्गुनी होलिका दहन नहीं करना चाहिए। लेकिन सूर्यास्त से लेकर मध्य रात्रि के बाद तक भद्रा हो और दूसरे दिन प्रदोष व्यापिनी पूर्णिमा न मिलने पर भद्रा के मुख का त्याग करके भद्रा पुच्छ काल में होलिका दहन करना चाहिए।इसी दिन व्रत की पूर्णिमा भी रहेगी।धुरेडी फगुआ सवर्ण स्पर्श परस्पर रंग गुलाल के साथ बसन्त ऋतु के शुभागमन पर यह रंगोत्सव का त्यौहार रंग पंचमी तक मनाया जाता है।इस वर्ष रंग पंचमी 8 मार्च रविवार को मनाई जाएगी। त्वचा को नुकसानदेह केमिकल युक्त रंग गुलाल के प्रयोग से बचकर सामाजिक एकता आपसी प्रेम सद्भाव सहयोग के साथ इस त्योहार को मनाना चाहिए।

**पूर्णिमा के दिन रहेगा चन्द्र ग्रहण का सूतक-** फाल्गुन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा मंगल वार 3 मार्च 2026को भारत में ग्रस्तोदित खण्डग्रास चंद्रग्रहण होगा। विदेशों में खग्रास चंद्र ग्रहण होगा।भारत के पश्चिमी क्षेत्रों में जहां चन्द्रोदय 6.48 बजे के बाद होगा वहां ग्रहण दिखाई नहीं देगा। ग्रहण का स्पर्श दिन में 3 बजकर 20 मिनिट पर और मोक्ष शाम 6 बजकर 48 मिनिट पर होगा। ग्रहण के स्पर्श से 9 घंटे पूर्व सुबह 6.20 बजे से सूतक प्रारम्भ हो जायेगा।बालक वृद्ध और रोगियों को एक पहर पहले दोपहर 12.20 बजे से सूतक मानना चाहिए।यह ग्रहण पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र और सिंह राशि पर होगा। मेषादि राशियों पर ग्रहण का फल इस प्रकार रहेगा।मेषराशि-चिंता वृष राशि - व्यथा मिथुनराशि - श्री लाभ कर्कराशि-क्षति सिंहराशि-घात कष्टप्राप्ति कन्या राशि-धनहानि तुला राशि- धनलाभ वृश्चिक राशि- सुख प्राप्ति धनुराशि- मानहानि मकरराशि -मृत्यु तुल्यकष्ट कुंभराशि-स्त्री पीड़ा मीन राशि- सौख्य लाभ।

## 893 ड्रिप सप्रिंकलर मिनी स्प्रिंकलर की मिली स्वीकृति

# समृद्ध किसान, आत्मनिर्भर कृषि की ओर पहल

जिले की पहचान एक कृषि प्रधान एवं समृद्ध कृषक परंपरा वाले जिले के रूप में रही है, एशिया की सबसे उपजाउ भूमि कलमेटाहार नरसिंहपुर में है, इसलिए यहां की उर्वरा भूमि और मेहनतकश किसान प्रदेश की अन्न उत्पादन क्षमता में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।





हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

इसी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए जिले में वर्ष 2026 को ष्कृषक कल्याण वर्षष के रूप में मनाया जा रहा है। किसानों की आय में सतत वृद्धि, खेती को अधिक लाभकारी एवं आधुनिक बनाने तथा सिंचाई, ई-विकास प्रणाली, फसल विविधीकरण, प्राकृतिक खेती एवं पशुपालन को प्रोत्साहन देने के लिए व्यापक एवं प्रभावी कार्ययोजना लागू की गई है, जिससे जिले की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा और मजबूती मिलेगी।

### जिले में दिया जा रहा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा

कृषि विभाग द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिले में 25 कलस्टर में 125 कृषक प्रति क्लस्टर इस प्रकार कुल 3 हजार 125 कृषकों को एमपी किसान पोर्टल पर पंजीकृत किया गया है। जिले में 1250 हेक्टेयर भूमि पर जैविक खेती की जा रही है, जिसमें गेंहू लगभग 55 हेक्टर, चना 275 हेक्टर, मसूर 248 हेक्टर, गन्ना 150 हेक्टर, अलसी 15 हेक्टर, सरसों 257 हेक्टर, मटर 65 हेक्टर, अरहर 60 हेक्ट और 125 हेक्टर में साग-भाजी की फसल ली जा रही है। खेत तालाब निर्माण, मध्यम एवं लघु सिंचाई योजनाएं तथा बलराम तालाब योजना के माध्यम से सिंचाई क्षमता का विस्तार किया जा रहा है। खेत तालाब निर्माण से सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। माइक्रो इरीगेशन (ड्रिप एवं सप्रिंकलर) को बढ़ावा देने हेतु इस वर्ष 2025-26 में 893 ड्रिप सप्रिंकलर मिनी सप्रिंकलर की स्वीकृति दी गई है। संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत 498 प्रकरण तैयार किये गये है। जल की बचत और उत्पादन वृद्धि दोनों सुनिश्चित किए जा रहे हैं। तालाब गहरीकरण एवं नई संरचनाओं से वर्षभर सिंचाई सुविधा का मार्ग प्रशस्त होगा।

### उद्यानिकी और पशुपालन से आय के नए द्वार

उद्यानिकी विभाग द्वारा फल एवं सब्जी क्षेत्र विस्तार, पॉलीहाउस निर्माण जैसी योजनाओं से किसानों को अतिरिक्त आय के अवसर मिल रहे हैं। पशुपालन विभाग द्वारा बकरी इकाई, समग्र मुर्गी पालन जैसी योजनाओं के माध्यम से स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिल रही है। किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत व्यापक लक्ष्य निर्धारित कर किसानों को समय पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे आधुनिक कृषि यंत्रों, उन्नत बीजों और नई तकनीकों का उपयोग संभव हो रहा है, जिससे लागत में कमी और लाभ में वृद्धि सुनिश्चित हो रही है। वर्ष 2025-26 में 18 हजार किसानों को स्वाईल हेल्थ कार्ड जारी किये गये है।

### जैविक खेती व आधुनिक तकनीक का समन्वय

जैविक खेती के अंतर्गत किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण, उन्नत बीज एवं आधुनिक कृषि उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे उत्पादन क्षमता में वृद्धि के साथ-साथ टिकाऊ खेती को बढ़ावा मिल रहा है। कृषक कल्याण वर्ष- 2026 केवल एक घोषणा नहीं, बल्कि किसानों के सर्वांगीण विकास की ठोस कार्ययोजना है। विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों से खेती को अधिक लाभकारी, टिकाऊ एवं आधुनिक बनाया जा रहा है। इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। यह वर्ष निश्चित रूप से जिले के किसानों के लिए प्रगति, समृद्धि और आत्मनिर्भरता का नया अध्याय सिद्ध होगा।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर व्याख्यान एवं पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन




हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

वर्तमान युग में विज्ञान का लोकव्यापीकरण हो रहा है जिससे मानव समाज नित नवीन प्रोद्यौगिकी से जुड़ रहा है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण चहुँमुखी विकास हेतु आवश्यक है उक्ताशय के उद्गार प्रो. आलोक तिवारी, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शा. स्ना. महाविद्यालय नरसिंहपुर ने एम. आई. एम. टी. कॉलेज नरसिंहपुर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 की थीम विज्ञान में महिलाएंरू विकसित भारत को उत्प्रेरित करना पर बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किये। कार्यक्रम के अध्यक्ष इंजी. रूद्रेश तिवारी चेयरमैन एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर ने रमन इफेक्ट को समाहित करते हुए वर्तमान के साइंस और टेक्नोलॉजी युग में विज्ञान के सार्थक प्रयोग की बात पर बल दिया। सहा. प्राध्यापक सुश्री नंदिनी विश्वकर्मा ने अपने उद्बोधन में भारतीय वैज्ञानिकों के इतिहास को प्रदर्शित कर महिला वैज्ञानिकों के योगदान को रेखांकित किया। सहा. प्राध्यापक श्रीमती प्रावी सिंह पटेल ने जीवन में विज्ञान की भूमिका तथा ऑपरेशन सिंदूर में वैज्ञानिक योगदान पर प्रकाश डाला। छात्र-छात्राओं के प्रतिनिधि वक्ता के रूप में शिवांशी तिवारी एवं स्वाति लोधी द्वारा रमन प्रभाव एवं वैज्ञानिक अन्वेषण अनुसंधान एवं प्रगति पर सारगर्भित उद्बोधन दिया गया। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी मेजर डॉ. पराग नेमा एवं आभार सहा. प्राध्यापक फूल सिंह धानका द्वारा किया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन, दीप प्रज्जवलन एवं महान वैज्ञानिक सी. वी. रमन को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। छात्रा आर्या सोनी द्वारा सरस्वती वंदना की सुमधुर प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम के दूसरे चरण मे विज्ञान के विविध विषयों पर छात्र-छात्राओं द्वारा पोस्टर निर्मित कर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया तथा अतिथियों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम के संयोजक श्रीमती अनीता रघुवंशी विभागाध्यक्ष विज्ञान संकाय तथा श्रीमती माधुरी पटवा सहा. प्राध्यापक सहित जी. डी. उमरे, आई.टी. ऑफिसर प्रसून नेमा, शिशिर मिश्रा, सहा. प्राध्यापक हेमराज सेन, मो. आशिक अली, श्रीमती आकांक्षा नामदेव, आलोक शर्मा, सुश्री खुशबू निशा, सुश्री सपना जाटव, सुश्री राजश्री पटेल, कृष्णकांत जाटव, महेश पाठक, दिनेश पटेल सहित स्टॉफ मेम्बर्स एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की कार्यक्रम में उपस्थिति रही। विज्ञान प्रदर्शनी मे प्रथम सिंह राजपूत बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष के एडवांस मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट पोस्टर ग्रुप को प्रथम स्थान, वेदिका स्थापक बी.एस.सी. तृतीय वर्ष सी.एस. के फुट स्टेप पावर जनरेटर पोस्टर गुरप को द्वितीय, नेहा पटेल बी.एस.सी. तृतीय वर्ष प्लेन मैथ्स के स्मार्ट हेलमेट पोस्टर ग्रुप को तृतीय वर्ष पोस्टर ग्रुप को तृतीय पुरस्कार तथा शीतल गुमास्ता बी.एस.सी. प्रथम वर्ष आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित पोस्टर ग्रुप को सांत्वना पुरस्कार एवं समस्त प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।




# प्रशिक्षण महाभियान को लेकर भाजपा की जिला कार्यशाला संपन्न

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में पं.दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत एक दिवसीय जिला कार्यशाला भाजपा जिलाध्यक्ष पं.रामस्नेही पाठक की अध्यक्षता में व जिला संगठन प्रभारी एवं पूर्व मंत्री शरद जैन, तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल, प्रशिक्षण अभियान जिला संयोजक श्रीमती संध्या कोठारी, जिला महामंत्री सुरेन्द्र मोहन नेमा, राहुल कौरव, राजाराम कस्तवार, जयप्रकाश वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने कार्यशाला के मुख्य उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा एक मात्र ऐसा राजनैतिक दल है जो राजनैतिक कार्य करने के साथ ही दीनदयाल जी की वैचारिक विचारधारा अंत्योदय से समाज का सर्वांगीण विकास को लेकर आगे बढ़ रही है इस विचारधारा को फलीभूत एवं सयाज के अंतिम व्यक्ति तक भाजपा की विचारधारा को पहुचाने हेतु कार्यकर्ता का प्रशिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है इस हेतु इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। भाजपा ही एक मात्र ऐसा राजनैतिक दल है जहा प्रतिदिन प्रतिक्षण कार्यकर्ता को कुछ न कुछ सीखने को मिलता है अतः आप सभी नवनियुक्त जिला पदाधिकारीगण पूर्ण मनोयोग से इस प्रशिक्षण महाभियान में अपनी सहभागिता करते हुए दीनदयाल जी के विचारो को आत्मसाद करे व इस अभियान को बूथ स्तर तक पहुचाए। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री राहुल कौरव द्वारा किया गया साथ ही उन्होने एक विस्तृत पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रशिक्षण अभियान के दौरान होने वाले विभिन्न कार्यो और उनकी रूपरेखा को डिजिटल माध्यम से प्रस्तुत किया। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा ने बताया कि कार्यशाला के अंत में जिला महामंत्री राजाराम कस्तवार ने उपस्थित सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यशाला में जिला पदाधिकारी गण, मण्डल अध्यक्षगण, मण्डल महामंत्री गण एवं प्रशिक्षण महाभियान की मंडल टोली के सदस्यो की उपस्थिति रही ।



# पुतला दहन कर, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

शगत दिवस स्थानीय सुभाष पार्क चैराहे पर शंकराचार्य समर्थक एवं भक्त मंडल द्वारा बृज बिहारी सरकार एवं अनिकेत कृष्ण महाराज के नेतृत्व मे पुतना दहन कर ज्ञापन सौंपा। शंकराचाय जी पर लगाए गए आरोपों के विरोध में संत समाज एवं श्रद्धालुओं द्वारा जोरदार प्रदर्शन किया गया तथा आशुतोष महाराज का पुतला दहन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जैसे संतों पर इस प्रकार के आरोप आस्था पर आघात हैं। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने नारेबाजी करते हुए संत समाज के समर्थन में एकजुटता दिखाई। आयोजन स्थल पर पुलिस बल भी तैनात रहा और स्थिति शांतिपूर्ण रही। संतों ने अपने संबोधन में कहा कि धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए समाज को सजग रहना आवश्यक है।

### डॉ राजेश साहू प्रदेश प्रभारी बने



**तेंदूखेड़ा** विगत दिनों म प्र तैलिक साहू सभा के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू द्वारा नरसिंहपुर जिले की तेंदूखेड़ा तहसील के ग्राम काचरकोना के प्रतिष्ठित साहू परिवार के सेवा भावी डा राजेश साहू को चिकित्सा प्रकोष्ठ में प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति पर जिले के सभी स्वजातीय बंधुओं और शुभचिंतकों ने अपनी अपनी बधाईयां शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम संस्था प्राचार्य आनंद मोहन कुर्मी प्रभारी प्रधानाचार्य राजेन्द्र पटैल की अध्यक्षता में मनाया गया। ए.टी.एल. प्रभारी आचार्य हिमांशु विश्वकर्मा, विज्ञान प्रभारी आचार्य देवीसिंह विश्वकर्मा, ईश्वरदास बैरागी, सुरेश पटैल, श्रीमती प्रियंका सोनी, सुश्री निधि दुबे, श्रीमती सविता सेन श्रीमती श्रृद्धा यादव, श्रीमती सुनीता यादव, श्रीमती हेमलता पटैल की उपस्थिति में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विज्ञान प्रभारी आचार्यो ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुये कहा कि विज्ञान ने हमारे जीवन को सरल बना दिया है। आज जीवन के हर क्षेत्र में वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा नये-नये आविष्कारों की जानकारी



प्राप्त होती है। 28 फरवरी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस सी.वी. रमन के द्वारा रमन प्रभाव की खोज की थी, उसी उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम विज्ञान के प्रति अभिरूचि जाग्रत करने के लिये प्रतिवर्ष मनाया जाता है। संस्था प्राचार्य श्री कुर्मी, प्रभारी प्रधानाचार्य श्री पटैल ने उच्चतर एवं प्राथमिक विभाग के कार्यक्रम में आशीष वचन देते हुये कहा कि हमारे वैज्ञानिकों ने जो अनुसंधान किये है उनसे हमें प्रेरणा लेते हुये नवाचार की दिशा में आगे बढ़ते रहे। मंच संचालन सुनील दुबे आचार्य द्वारा किया गया।